**Not to be filled by the Candidate**
**(अभ्यर्थी द्वारा नहीं भरा जाये)**

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

### महत्वपूर्ण निर्देश / IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. अपेक्षित विवरण केवल "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" के ऊपर दिये गये फ्लेप पर ही लिखें, अन्य किसी स्थान पर नहीं।
2. "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अन्दर कहीं पर भी कोई पहचान चिन्ह यथा, रोल नम्बर, नाम, पता, मोबाईल नम्बर/टेलीफोन नम्बर, देवताओ के नाम अथवा कोई भी प्रश्न के उत्तर से असंबंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि लिखे जाने या अंकित किये जाने को अनुचित साधनों का उपयोग माना जायेगा। ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।
3. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर व्यवधान उत्पन्न करता है या वीक्षण स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता है अथवा वंचनापूर्ण कार्य करता है तो वह स्वयं ही अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होगा। वह "राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992" के तहत दाण्डिक कार्यवाही हेतु भी उत्तरदायी माना जायेगा।
4. प्रश्न पत्र 'अ' और 'ब' दो भागों में विभाजित है। प्रत्येक भाग में किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस भाग में अंकित किये गये हैं।
5. दोनो भागों यथा, 'अ' और 'ब' में दिये गये प्रश्नों के उत्तर निरपवाद रूप से "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" में प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिये गये स्थान पर ही लिखे, कहीं और नहीं, अन्यथा ऐसे उत्तर का मूल्यांकन परीक्षक द्वारा नहीं किया जायेगा।
6. अभ्यर्थी को अपने उत्तर निर्धारित जगह से अधिक नहीं लिखने चाहिये। किसी भी परिस्थिति में पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जायेगी।
7. उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी किसी एक भाषा में दीजिये, दोनो में नहीं। फ्लेप पर उत्तर के माध्यम के चौखाने में एक विकल्प को चिन्हित करें।
8. किसी प्रश्न में अंग्रेजी व हिन्दी भाषान्तर में कोई अन्तर हो तो अंग्रेजी भाषान्तर को प्रमाणिक माना जाये।
9. यदि "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित हैं, तो शीघ्रताशीघ्र अभिजागर से कह कर उसे बदलवा लें; अभिजागर के ध्यान में ला दें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
10. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संयंत्र के साथ प्रवेश करना सर्वथा वर्जित है।

*****

1. Write the required particulars only on the flap provided on the top of "Question Paper-cum-Answer Book"; and not at any other place.
2. Do not write any mark of identity inside the "Question Paper-cum-Answer Book" (including paper for rough work) i.e. Roll Number, Name, Address, Mobile Number/ Telephone Number, Name of God etc. or any irrelevant word, sentence or figure other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. In such a case his candidature shall be rejected for the entire examination.
3. A candidate found creating disturbance at the examination centre or misbehaving with Invigilating Staff or cheating will render him liable for disqualification. He shall also be liable for penal action under "The Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 1992".
4. The question paper is divided into two parts 'A' and 'B'. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in that part.
5. The answer of the questions in all two parts i.e. 'A' and 'B' should strictly be written in the space provided below question and not elsewhere, otherwise, such answer shall not be assessed by the examiner.
6. The candidate should not write the answers beyond the space prescribed. No Supplementary Answer Book shall be provided in any case.
7. Attempt answers either in Hindi or in English, not in both. Specify an option by ticking in box of "Medium of Answer" on the flap.
8. In any question, if there is any discrepancy in English & Hindi versions, the English version is to be treated as standard.
9. In case the "Question Paper – cum- Answer Book" is torn or not printed properly, bring it to the notice of Invigilator for change or direction at earliest, otherwise the candidate will be liable for that.
10. Possession of any electronic device is strictly prohibited in the Examination Hall.

**NOTE :Attempt all the questions. Question no.1 to 10 each carries 3 marks, question no.11 to 13 each carries 6 marks, question no.14 carries 10 marks, question no.15 carries 12 marks and question no. 16 to 21 each carries 5 marks.**

नोट :–समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रश्न संख्या 1 से 10 तक प्रत्येक हेतु 3 अंक, प्रश्न संख्या 11 से 13 तक प्रत्येक हेतु 6 अंक, प्रश्न संख्या 14 हेतु 10 अंक,प्रश्न संख्या 15 हेतु 12 अंक एवं प्रश्न संख्या 16 से 21 तक प्रत्येक हेतु 5 अंक निर्धारित हैं।

**PART-A/ भाग- अ          Marks/अंक- 70**

**Attempt all the 15 questions. Question no.1 to 10 each carries 3 marks, question no.11 to 13 each carries 6 marks, question no.14 carries 10 marks and question no.15 carries 12 marks.**

समस्त 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रश्न संख्या 1 से 10 तक प्रत्येक हेतु 3 अंक, प्रश्न संख्या 11 से 13 तक प्रत्येक हेतु 6 अंक,प्रश्न संख्या 14 हेतु 10 अंक एवं प्रश्न संख्या 15 हेतु 12 अंक निर्धारित है।

**Question No. 1** **(3 Marks)**

When an accused can be discharged by a Magistrate?

**प्रश्नसंख्या 1**

एक अभियुक्त को मजिस्ट्रेट द्वारा कब उन्मोचित किया जा सकता है?

**Question No. 2** **(3 Marks)**

When and how an accused who is not present before the Magistrate can be convicted in petty cases on plea of guilty?

**प्रश्न संख्या 2**

एक अभियुक्त जो कि मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित नहीं है, कब और कैसे लघु मामलो में अभिवाक् पर दोष सिद्व किया जा सकता है?

**Question No. 3** **(3 Marks)**

What do you understand by "Local Jurisdiction"?

**प्रश्न संख्या 3**

"स्थानीय अधिकारिता" से आप क्या समझते हैं?

**Question No. 4** **(3 Marks)**

Whether the State Government can file appeal against the order of acquittal?

**प्रश्न संख्या 4**

क्या राज्य सरकार दोषमुक्ति के आदेश के विरूद्व अपील कर सकती है?

**Question No. 5** **(3 Marks)**

"X" holds "Y" down, and fraudulently without the consent of "Y" takes away his precious wrist watch and in order to commit this theft, "X" also voluntarily causes wrongful restraint to "Y". What offence "X" has committed?

**प्रश्न संख्या 5**

"एक्स", "वाई" को दबोच कर बगैर "वाई" की सम्मति के कपटपूर्वक उसकी कीमती कलाई घड़ी उतार लेता है और इस चोरी को करने के क्रम में "एक्स" स्वेच्छा से "वाई" का सदोष अवरोध करता है। "एक्स" द्वारा क्या अपराध कारित किया गया है?

**Question No. 6** **(3 Marks)**

To support a suit under Order 37 of the Code of Civil Procedure, "B" makes a false entry in his books of account. What offence under Indian Penal Code, 1860 he has committed?

**प्रश्न संख्या 6**

व्यवहार प्रक्रिया संहिता के आदेश 37 के अधीन एक दावे के समर्थन हेतु, "ब" अपनी बही में एक मिथ्या प्रविष्टि करता है। उसने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत क्या अपराध किया है?

**Question No. 7** **(3 Marks)**

What do you understand by "Counterfeit"?

**प्रश्न संख्या 7**

"कूटकरण" से आप क्या समझते हैं?

**Question No. 8** **(3 Marks)**

What is a "Leading Question"?

**प्रश्न संख्या 8**

"सूचक प्रश्न" क्या हैं?

**Question No. 9** **(3 Marks)**

What are the "Public Documents" as defined under Indian Evidence Act, 1872?

**प्रश्न संख्या 9**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में परिभाषित "लोकदस्तावेज" क्या हैं?

**Question No. 10** **(3 Marks)**

When the opinion as to electronic signature is relevant?

**प्रश्न संख्या 10**

"इलेक्ट्रोनिक हस्ताक्षर" के बारे में राय कब सुसंगत है?

**Question No. 11** **(6 Marks)**

What are the contents of charge? What particulars as to time, place and person should be given in the charge? Can the Court alter a charge once framed?

**प्रश्न संख्या 11**

आरोप की अन्तर्वस्तु बताईये? समय, स्थान और व्यक्ति के बारे में आरोप में कौनसी विशिष्टियाँ अन्तर्विष्ट होनी चाहिए? क्या न्यायालय एक बार विरचित आरोप में परिवर्तन कर सकता है?

**Question No. 12** **(6 Marks)**

What are special provisions in the Indian Evidence Act, 1872 regarding admissibility of electronic record? In what circumstances, information contained in electronic record can be accepted in evidence in the proceedings before a Court? Discuss with reference to relevant provisions.

**प्रश्न संख्या 12**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में इलेक्ट्रोनिक अभिलेख की ग्राह्मता के बारे क्या विशेष प्रावधान किये गये है? किसी न्यायालय के सम्मुख कार्यवाही के दौरान किन परिस्थितियों में इलेक्ट्रोनिक अभिलेख में उपलब्ध सूचना साक्ष्य में स्वीकार की जा सकती है? सम्बधित प्रावधानों के संदर्भ में विवेचन करें।

**Question No. 13** **(6 Marks)**

What are the conditions enumerated in proviso to Exception-1 of Section 300 of the Indian Penal Code 1860, subject to which defence can be set up by accused that he lost power of self-control due to grave and sudden provocation given by victim?

**प्रश्न संख्या 13**

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 300 के अन्तर्गत दिये गये अपवाद–1 के परन्तुको के अधीन दी गयी किन शर्तो के अनुसार अभियुक्त, पीडित द्वारा उसे गम्भीर और अचानक प्रकोपन दिये जाने से आत्म संयम की शक्ति से वंचित होने की प्रतिरक्षा ले सकेगा?

**Question No. 14** **(10 Marks)**

Write a detailed note about the procedure given in the Code of Criminal Procedure, 1973 when investigation cannot be completed in 24 hours.

**प्रश्न संख्या 14**

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में दी गई प्रक्रिया, जबकि चौबीस घण्टे में अन्वेषण पूरा ना किया जा सके, पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिये।

**Question No. 15** **(12 Marks)**

On Vijaypath, at about 09:30 AM of 15.09.2015, motorcycle of "R" had a collision with the car of "S". "S" gave a slap to "R" and also abused him. On being abused by "S", "R" under grave provocation picks up a sharp heavy iron blade lying on road and tries to cause head injury to "S", which could have caused death of "S". "S" any how escapes himself from the iron blade blow.

What offence "R" has committed? If "R" has committed any offence, frame a charge on basis of the given facts by treating yourself "P", Additional Sessions Judge, Pali.

**प्रश्न संख्या 15**

15.09.2015 की सुबह 09.30 बजे विजयपथ पर "आर" की मोटरसाईकिल "एस" की कार से टकरा गई। "एस" ने "आर" के थप्पड़ लगाई और उसे अपशब्द कहे। अपशब्द कहे जाने पर गम्भीर प्रकोपन के अधीन "आर" ने सड़क पर पड़ी लोहे की एक भारी धारदार पत्ती उठाई और "एस" के सिर पर चोट लगाने का प्रयत्न किया जिससे "एस" की मृत्यु हो सकती थी। "एस" ने किसी प्रकार स्वयं को लोहे की पत्ती के वार से बचाया।

"आर" द्वारा क्या अपराध कारित किया गया है? यदि "आर" ने कोई अपराध कारित किया है तो अपने आपको "पी", अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पाली समझते हुये दिये गये तथ्यो के आधार पर आरोप विरचित कीजिये।

**PART- B/ भाग- ब** Marks/अंक- 30

**Attempt all the 6 questions. Each question carries 5 marks.**

**समस्त 6 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित हैं।**

**Question No. 16** **(5 Marks)**

Discuss the provision relating to "bail of juvenile" under Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000.

**प्रश्न संख्या 16**

किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 के अधीन "किशोर की जमानत" से सम्बधित प्रावधान की चर्चा कीजिए।

**Question No. 17** **(5 Marks)**

Discuss the provisions of Negotiable Instruments Act, 1881 relating to presumption in favour of holder, defence which may not be allowed in any prosecution under Section 138 and the offences by companies.

**प्रश्न संख्या 17**

परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 में धारक के पक्ष में उपधारणा, प्रतिरक्षा जो धारा 138 के अन्तर्गत किसी अभियोजन में अनुज्ञात नहीं की जा सकती और कम्पनियों द्वारा अपराध से सम्बधित प्रावधानों की चर्चा कीजिए।

**Question No. 18** **(5 Marks)**

Describe the powers and procedure given under The Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 relating to removal of person likely to commit offence in any "Scheduled Area" or "Tribal Area".

**प्रश्न संख्या 18**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 में ऐसे व्यक्ति जिसके द्वारा किसी अनुसूचित क्षेत्र या जनजाति क्षेत्र में अपराध किये जाने की सम्भावना हो, को हटाये जाने से सम्बधित शक्तियों और प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

**Question No. 19** **(5 Marks)**

Explain the provisions relating to following under General Rules (Criminal), 1980 :-
(each carries 2.5 marks)

**प्रश्न संख्या 19**
सामान्य नियम (दाण्डिक), 1980 के अधीन निम्नलिखित से सम्बंधित प्रावधानों को समझाईये :–
(प्रत्येक हेतु 2.5 अंक निर्धारित है)

(1) Process against Members of the Parliament and State Legislature.

(1) संसद और राज्य विधान मण्डल के सदस्यों के विरूद्व प्रोसेस।

(2) Order-sheet.

(2) आदेश–सूची।

**Question No. 20** **(5 Marks)**

Who is a "child" in the Protection of Children from Sexual Offences Act 2012? Discuss the provisions relating to aggravated sexual assault given in this Act.

**प्रश्न संख्या 20**
लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में "बालक" कौन है ? इस अधिनियम में दिये गये गुरुतर लैंगिक हमले से सम्बन्धित प्रावधानों की चर्चा कीजिये ।

**Question No. 21** **(5 Marks)**

With reference to the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 write short note on following :-
(each carries 2.5 marks)

**प्रश्न संख्या 21**
स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के संदर्भ में निम्न पर लघु टिप्पणी लिखिये :–
(प्रत्येक हेतु 2.5 अंक निर्धारित है)

(1) Illicit traffic.

(1) अवैध व्यापार।

(2) Power of Court to release certain offenders on probation.

(2) कतिपय अपराधियों को परिवीक्षा पर निर्मुक्त करने की न्यायालय की शक्ति।